उदयपुर एक्सप्रेस

उदयपुर, शनिवार 30 दिसम्बर, 2023

फोस्टरकेयर सोसायटी के शीतकालीन शिविर सृजन का समापन

उदयपुर(कासं)। स्कूल की छुट्टियों के दौरान फोस्टरकेयर सोसायटी द्वारा आयोजित शीतकालीन शिविर बालक और बालिकाओं के लिए एक लोकप्रिय गतिविधि रहा। यह शिविर बच्चों के लिए सर्दियों की छुट्टियों के दौरान सक्रिय रहने और व्यस्त रहने के साथ-साथ नए दोस्त बनाने और नए कौशल सीखने का एक शानदार तरीका साबित हुआ है। शिविर के प्रथम दिन बच्चों को योगा करवाया गया एवं बच्चों ने पुरानी चूड़िया से ज्वेलरीबॉक्स बनाना सीखा । शिविर के दूसरे दिन बच्चों ने पुराने अखबार से फोटो फ्रेम और न्यूईयर कार्ड बनाना सीखा । शिविर के अंतिम दिन बच्चों को बाल अधिकारों से अवगत करवाया गया एवं उन्हें स्वयं की सुरक्षा के लिए सचेत किया गया। शिविर में फोस्टर केयर सोसायटी की संस्थापक अध्यक्षा, डॉ शिल्पा महता ने बच्चों की बाल अधिकारिता पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सत्र लिया, जिसमें बच्चों को इस विषय पर ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की गई। तीन दिवसीय शिविर में 6 से 16 वर्ष के कुल 37 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनुराधा राय, श्रीमती अपूर्वा व्यास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती उषा व चाइल्ड लाइन सदस्य उपस्थित रहे। शीतकालीन शिविर में भाग लेने वाले सभी बालक बालिकाओं को प्रमाण पत्र दिए गए। बच्चों में शिविर को लेकर काफी उत्साह था। बच्चों ने बताया की आगे भी इस तरह के शिविर का आयोजन हो जिससे हमारी छुट्टियों का सदुपयोग हो। बच्चों ने शिविर में पुरानी चीजों से बनी नई चीजें अपने परिवारजनों को दिखाई एवं बच्चों के परिवारजनों ने शिविर की प्रशंसा की।